दिनांक 25 मार्च 2020
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा जनहित में जारी किए गए उपायों को अपनाने की अपील

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा जनहित में जारी किए गए उपायों को अपनाने की अपील की जा रही है तथा जन जागरूकता के तहत पंपलेट का वितरण डोर टू डोर एवं जगह-जगह चस्पा किया जा रहा है! ताकि लोगों में अधिक से अधिक जन जागरूकता आ सके!
क्या करें बार-बार हाथ धोए जब आपके हाथ स्पष्ट रूप से गंदे न हो, तब भी अपने हाथों को अल्कोहल आधारित हैंडवास या साबुन और पानी से साफ करें!
क्षीकते और खांसते समय अपना मुंह व नाक, टिशू/रुमाल से ढके इसके तुरंत बाद टिशू को किसी बंद डिब्बे में फेंक दें! अगर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई है तो चिकित्सक से संपर्क करें! डॉक्टर से मिलने के दौरान अपने मुंह और नाक को ढकने के लिए मास्क/कपड़े का प्रयोग करें! अगर कोरोना वायरस के लक्षण है तो कृपया राज्य द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर या स्वास्थ्य मंत्रालय की हेल्पलाइन नंबर 011- 2397 8046 पर कॉल करें! भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे!
क्या न करें यदि खांसी और बुखार का अनुभव हो रहा है तो किसी के साथ संपर्क में ना आए, अपनी आंख, नाक या मुंह को ना छुएं, सार्वजनिक स्थानों पर ना थूके! स्वयं सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में निगम प्रशासन को सहयोग प्रदान करें!
जनसंपर्क अधिकारी